भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. 224
सोमवार, 3 फरवरी, 2025/14 माघ, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**सीबीडीडी योजना**

**224. डॉ. मन्ना लाल रावत:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राजस्थान में स्वदेश दर्शन एवं प्रसाद योजनाओं के अंतर्गत शुरू की गई पर्यटन क्षेत्र की परियोजनाओं का स्थान-वार ब्यौरा क्या है और तत्संबंधी विशिष्ट घटक क्या-क्या हैं;

(ख) क्या राजस्थान के उदयपुर जिले में या उसके आस-पास किसी स्थल की पहचान चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) योजना के अंतर्गत की गई है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) राजस्थान, विशेषकर उदयपुर जिले में पर्यटकों को अपने बजट का 5-10 प्रतिशत स्थानीय वस्तुओं पर खर्च करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु नियोजित विशिष्ट उपायों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) चलो इंडिया ग्लोबल डायस्पोरा अभियान के माध्यम से राजस्थानी डायस्पोरा को शामिल करने की रणनीतियों का ब्यौरा क्या है और उक्त पहल के माध्यम से राजस्थान में अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिए क्या लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ख): चूंकि पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों का विकास और संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है, पर्यटन मंत्रालय स्वदेश दर्शन (एसडी) और तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान संबंधी राष्ट्रीय मिशन (प्रशाद)' की अपनी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के माध्यम से योजना दिशानिर्देशों, निधियों की उपलब्धता आदि के सामंजस्य में एसजी/यूटीए को वित्तीय सहायता प्रदान करके उनके पर्यटन अवसंरचना विकास के प्रयासों को संपूरित करता है। राजस्थान में स्वदेश दर्शन और प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन योजना की एक उप-योजना, चुनौति आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) के तहत देश में 42 गंतव्यों को चिह्नित किया है जिसमें राजस्थान का कोई गंतव्य शामिल नहीं है। हालांकि, मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) के तहत 'बूंदी (केशोरायपाटन)' और 'जोधपुर' को चिह्नित किया है एवं 17.37 करोड़ रुपये की परियोजना 'आध्यात्मिक अनुभव, केशोवरायपाटन' को मंजूरी दी है।

“पूंजीगत निवेश के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को विशेष सहायता योजना (एसएएससीआई) - वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटक केन्द्रों का विकास” के तहत भारत सरकार ने हाल ही में राजस्थान राज्य में निम्नलिखित परियोजनाओं को मंजूरी दी है-

| **क्र.सं.** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में)** | **स्वीकृति का समय** |
|---|---|---|---|
| 1 | जयपुर में आंबेर-नाहरगढ़ एवं आसपास के क्षेत्र में विकास | 49.31 | 26-11-2024 |
| 2 | जयपुर के जलमहल में विकास | 96.61 | 26-11-2024 |

(ग): पर्यटन मंत्रालय अपने द्वारा किए जा रहे प्रयासों के भाग के रूप में संवर्धनात्मक गतिविधियों, कार्यक्रमों, वेबसाइट, सोशल मीडिया प्रचार-प्रसार आदि के माध्यम से राजस्थान सहित देश के विभिन्न पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों का संवर्धन करता है। ऐसे संवर्धनों में कम ज्ञात गंतव्यों के साथ-ही कला और शिल्प, व्यंजन, संस्कृति आदि जैसे विभिन्न प्रकार के पर्यटन उत्पादों का प्रचार शामिल है।

(घ): चलो इंडिया अभियान का उद्देश्य भारतीय प्रवासी को अतुल्य भारत दूत बनने में सक्षम बनाना है। अभियान के तहत, विदेशी पर्यटकों के लिए एक लाख मुफ्त ई-पर्यटक वीजा की घोषणा की गई। चलो इंडिया पोर्टल के माध्यम से, राजस्थानी प्रवासी सहित प्रत्येक प्रवासी सदस्य, स्वयं को पंजीकृत कर सकते हैं एवं मुफ्त वीजा का लाभ लेने के लिए एक रेफरल कोड अपने गैर-भारतीय दोस्तों को साझा करने हेतु प्राप्त कर सकते हैं। नि:शुल्क ई-पर्यटक वीजा चालू वित्त वर्ष तक ही जारी करना सीमित है।

*****

**अनुबंध**

डॉ. मन्ना लाल रावत द्वारा सीबीडीडी योजना के संबंध में दिनांक 03.02.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या 224 के भाग (क) से (ख) के उत्तर में **विवरण**

**राजस्थान में स्वदेश दर्शन और प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण**

**I. राजस्थान राज्य के लिए स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण**

**परियोजना सं. 1**

| परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि | स्वीकृति का समय |
|---|---|---|
| जयपुर जिले में सांभर झील कस्बे और अन्य स्थलों का विकास | 50.01 करोड़ रु. | सितम्बर 2015 |

**गंतव्य-वार/घटक-वार विवरण**

| क्र. सं. | गंतव्य | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) | प्रमुख घटक |
|---|---|---|---|
| 1 | सॉल्ट ट्रेन और डाइनींग का अनुभव | 20.51 | • रेल ट्रैक का उन्नयन<br>• लोकोमोटिव इंजन/सवारी डिब्बों की खरीद<br>• रखरखाव डिपो<br>• बुकिंग कियोस्क, सॉल्ट ट्रेन, वाटर डेक के लिए अवसंरचना और बोर्डिंग प्लेटफार्मों को सहयता |
| 2 | सांभर सॉल्ट लि. कॉम्प्लेक्स | 4.38 | • साइट विकास<br>• कारों और बसों के लिए पार्किंग<br>• गेट कॉम्प्लेक्स उन्नयन |
| 3 | कारवां पार्क | 2.59 | • साइट का विकास |
| 4 | क्राफ्ट हाट | 1.20 | • क्राफ्ट हाट का विकास<br>• प्रशासनिक ब्लॉक |
| 5 | महोत्सव/मेला | 1.53 | • साइट विकास और चारदीवारी |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | मैदान | | • स्थानीय बाजार<br>• बुनियादी सुविधाएं |
| 6 | नलियासर | 13.75 | • मिनी डेजर्ट नाइट सफारी,<br>• पहुंच मार्ग का उन्नयन<br>• झील तटरेखा का विकास<br>• कैम्पिंग और लॉग हट्स<br>• अवसंरचना सहायता<br>• पर्यटक सूचना केंद्र<br>• ओपन एयर थियेटर<br>• वाटर डेक |
| 7 | नारायणा | 2.19 | • घाटों का विकास,<br>• पहुंच मार्ग<br>• मुलभूत पर्यटक सुविधाएं<br>• संकेतक आदि। |
| 8 | गूढा से झापोक | 1.9 | • बाई-साइकिल ट्रेक का विकास |
| 9 | नलियासर, नारायणा और बाईसाइकिल ट्रेल | 0.98 | • सौर स्ट्रीट लाइटिंग |
| कुल | | 49.03 | |
| परामर्श प्रभार @2% | | 0.98 | |
| आकस्मिक शुल्क @3% | | 0.00 | |
| कुल योग | | 50.01 | |

**परियोजना सं. 2**

| परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि | स्वीकृति का समय |
|---|---|---|
| गोविंद देव जी मंदिर (जयपुर), खाटू श्याम जी (सीकर) और नाथद्वारा (राजसमंद) का एकीकृत विकास | 75.80 करोड़ रू. | सितंबर 2016 |

**गंतव्य-वार/घटक-वार विवरण**

| क्र. सं. | गंतव्य | स्वीकृत राशि (करोड़ रू. में) | प्रमुख घटक |
|---|---|---|---|
| 1 | गोविंदजी मंदिर | 8.64 | • पुरानी संरचना का संरक्षण<br>• पाथ-वे<br>• पर्यटक सुविधाएं और संकेतक<br>• अग्रभाग में सुधार<br>• बेंच, संकेतक, शू रैक आदि |
| 2 | जय निवास उद्यान | 8.04 | • लाइट एंड साउंड शो<br>• पाथ-वे<br>• लैंडस्केप<br>• संकेतक<br>• कम ऊंचाई वाले प्लांटर्स<br>• भूदृश्यांकन<br>• ओपन एयर थियेटर<br>• पर्यटक सुविधाएं, |
| 3 | तालकटोरा | 0.08 | • प्रवेश द्वार प्लाजा का विकास |
| 4 | पौंडरिक उद्यान | 0.85 | • भूदृश्यांकन<br>• पाथ-वे<br>• गेट की बहाली<br>• स्टोन रेलिंग |
| 5 | कनक वृंदावन | 1.17 | • भूतल पार्किंग<br>• पाथ-वे<br>• बेंच, संकेतक, कूड़ेदान |
| 6 | गलताजी | 0.31 | • भूनिर्माण और साइट विकास<br>• पाथ-वे<br>• भूतल पार्किंग<br>• संकेतक, बेंच, कूड़ेदान |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 7 | सीकर | 29.49 | • भूतल पार्किंग,<br>• सार्वजनिक सुविधाएं<br>• कैफेटेरिया<br>• पर्यटक सूचना केंद्र<br>• टूरिस्ट सीटिंग शेड ड्राइवर रेस्टिंग हॉल<br>• यात्री शेड<br>• पर्यटक सुविधाएं<br>• भूदृश्यांकन कार्य<br>• सोलर लैंप पोस्ट<br>• पाथ-वे<br>• संकेतक, बेंच<br>• सुविधा एवं सुविधा ब्लॉक |
| 8 | नाथद्वारा | 23.60 | • पर्यटक व्याख्या सह सांस्कृतिक केंद्र<br>• भूतल पार्किंग<br>• पैदल यात्री मार्ग पर भूदृश्य<br>• संकेतक<br>• पेयजल हट<br>• हाई मास्ट लाइट |
| कुल | | 72.19 | |
| परामर्श प्रभार @2% | | 1.44 | |
| आकस्मिक शुल्क @3% | | 2.17 | |
| कुल योग | | 75.80 | |

**परियोजना सं. 3**

| **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि** | **स्वीकृत का समय** |
|---|---|---|
| आध्यात्मिक परिपथ- 'चुरू (सालासर बालाजी) का विकास -जयपुर (श्री समोदके बालाजी, घाटके बालाजी, बांधे बालाजी)- विराटनगर (बीजक, जैनसिया, अंबिका मंदिर)- भरतपुर (कमान क्षेत्र)- धौलपुर (मुचकुंड) - मेहंदीपुर बालाजी- चित्तौड़गढ़ (सांवलियाजी) का विकास | 87.05 करोड़ रू. | मार्च 2017 |

**गंतव्य-वार/घटक-वार विवरण**

| क्र. सं. | गंतव्य | स्वीकृत राशि (करोड़ रू. में) | प्रमुख घटक |
|---|---|---|---|
| 1 | सालासर बालाजी | 6.77 | • पार्किंग स्थल<br>• पार्किंग के लिए पहुंच मार्ग<br>• शौचालय ब्लॉक,<br>• हाई मास्ट लाइट्स<br>• बुनियादी सुविधाएं<br>• संकेतक |
| 2 | श्री सामोद बालाजी | 1.72 | • पर्यटक सुविधा केंद्र<br>• स्वास्थ्य केंद्र<br>• पर्यटकों के लिए बुनियादी सुविधाएं<br>• पेयजल की सुविधा<br>• शौचालय ब्लॉक<br>• बेंच<br>• हाई मास्ट लाइट्स<br>• सोलर लाइट्स<br>• संकेतक |
| 3 | घाट के बालाजी | 4.58 | • तीर्थयात्री विश्राम क्षेत्र<br>• पार्किंग<br>• पर्यटक सुविधाएं |
| 4 | बंधे के बालाजी | 0.62 | • बुनियादी पर्यटक सुविधाएं<br>• पार्किंग<br>• संकेतक<br>• सोलर लाइट्स |
| 5 | बीजक बौद्ध मठ | 5.85 | • सांस्कृतिक सह व्याख्या केंद्र<br>• संकेतक<br>• बेंच |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 6 | महादेव गणेश मंदिर और अन्य स्थान | 0.41 | • सीसीटीवी निगरानी प्रणाली<br>• संकेतक<br>• पर्यटक सुविधा केंद्र |
| 7 | अशोक इडिक्ट | 0.07 | • संकेतक<br>• बेंच<br>• पेयजल की सुविधा<br>• सोलर लाइट |
| 8 | जैन नासिया और परिवेश | 0.60 | • भूतल पार्किंग<br>• भूदृश्यांकन<br>• पर्यटक सुविधा केंद्र<br>• पेयजल की सुविधा<br>• सोलर लाइट |
| 9 | अंबिका मंदिर (शक्ति पीठ) | 1.07 | • अंतिम छोर तक संपर्कता<br>• संकेतक<br>• पेयजल की सुविधा<br>• बेंच<br>• सौर प्रकाश |
| 10 | विमल कुंड | 5.25 | • विमल कुंड का पुनरूद्धार<br>• पाथ-वे विकास<br>• पर्यटक सुविधा केंद्र<br>• बुनियादी सुविधाएं |
| 11 | मुच कुंड | 19.30 | • लाइट एंड साउंड शो<br>• सांस्कृतिक सह व्याख्या केंद्र<br>• पर्यटक विश्राम केंद्र<br>• पार्किंग<br>• पर्यटक सुविधाएं<br>• केबलों को भूमिगत करना |
| 12 | गोपीनाथजी मंदिर | 0.04 | • पर्यटक सुविधाएं |
| 13 | वृंदा रानी मंदिर | 0.06 | • संकेतक |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | • बेंच |
| 14 | चंद्रमा मंदिर | 0.05 | • संकेतक<br>• बेंच |
| 15 | मदन मोहन मंदिर | 0.08 | • संकेतक<br>• कूड़ेदान |
| 16 | कामन महल और स्टेडियम | 0.49 | • पर्यटक सुविधा केंद्र<br>• पर्यटक सुविधाएं |
| 17 | मेहंदीपुर बालाजी | 17.97 | • तीर्थयात्री विश्राम क्षेत्र<br>• पार्किंग<br>• तीर्थयात्री प्रतीक्षा क्षेत्र<br>• यात्री शेड और बुनियादी सुविधाएं |
| 18 | सांवलिया सेठजी मंदिर | 17.97 | • पर्यटक सुविधा केंद्र<br>• एम्फीथिएटर<br>• कैफेटेरिया<br>• लेजर वाटर शो<br>• बुनियादी सुविधाएं |
| कुल | | 82.9 | |
| परामर्श प्रभार @2% | | 1.66 | |
| आकस्मिक शुल्क @3% | | 2.49 | |
| कुल योग | | 87.05 | |

**परियोजना सं. 4**

| परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि | स्वीकृति का समय |
|---|---|---|
| राजसमंद विरासत परिपथ (कुंभलगढ़ किला) - जयपुर (जयपुर और नाहरगढ़ किले में अग्रभाग की प्रकाश व्यवस्था) -झालावाड़ (गागरोन किला) - चित्तौड़गढ़ (चित्तौड़गढ़ किला) - जैसलमेर (जैसलमेर किला) - हनुमानगढ़ (गोगामेड़ी) - उदयपुर (प्रताप गौरव केंद्र) - | 70.61 करोड़ रू. | जून 2017 |

| | | |
|---|---|---|
| धौलपुर (बाग-ए-नीलोफोर और पुरानी छावनी) - नागौर (मीरा बाई स्मारक, मेड़ता) - टोंक (सुनहरी कोठी) परिपथ विकास | | |

**गंतव्य-वार/घटक-वार विवरण**

| क्र. सं. | गंतव्य | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) | प्रमुख घटक |
|---|---|---|---|
| 1 | कुंभलगढ़ किला | 5.5 | • लाइट एंड साउंड शो |
| 2 | नाहरगढ़ किला | 1.00 | • विश्रामालय<br>• संकेतक,<br>• लॉकर्स<br>• क्लोक रूम<br>• बेंच, पेयजल, आदि<br>• शौचालय |
| 3 | गागरोन किला | 1.06 | • पर्यटक सुविधा केंद्र<br>• पाथ-वे का विकास,<br>• भूतल पार्किंग<br>• चालक का विश्राम क्षेत्र<br>• भूदृश्यांकन<br>• रोशनी<br>• शौचालय, कूड़ेदान, बेंच, संकेतकक आदि। |
| 4 | चित्तौड़गढ़ किला | 5.5 | • लाइट एंड साउंड शो |
| 5 | जैसलमेर का किला | 6.23 | • गडसीसर झील में लेजर वाटर शो |
| 6 | प्रताप गौरव केंद्र | 7.16 | • लेजर वाटर शो<br>• भूदृश्यांकन<br>• पार्किंग<br>• प्रतिमा की ओर जाने वाले मार्ग के लिए रेलिंग<br>• हाई मास्ट लाइट |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | • सोलर लाइट्स<br>• वाईफ़ाई |
| 7 | बाग-ए-नीलोफर | 0.55 | • पहुंच मार्ग<br>• संकेतक<br>• स्टोन प्लाजा |
| 8 | पुरानी छावनी, धौलपुर | 0.69 | • भूतल पार्किंग<br>• भूदृश्यांकन<br>• स्टोन प्लाजा<br>• कूड़ेदान, बेंच, संकेतक आदि। |
| 9 | मीरा बाई स्मारक, मेड़ता | 2.09 | • लाइट एंड साउंड शो<br>• मुख्य द्वार की प्रकाश व्यवस्था |
| 10 | गोगामेड़ी, हनुमानगढ़ | 6.85 | • तीर्थयात्री/पर्यटक विश्राम केंद्र का विकास<br>• पार्किंग<br>• भूदृश्यांकन |
| 11 | जयपुर शहर | 29.86 | • गेटों, चारदीवारों, बाजार के अग्रभागों की प्रकाश व्यवस्था<br>• प्रकाश प्रबंधन प्रणाली<br>• बिजली कार्य |
| 12 | सुनहरी कोठी | 0.75 | • भूदृश्यांकन, हार्डस्केपिंग और बेंच<br>• ट्यूबवेल<br>• शौचालय<br>• सोलर लाइट्स<br>• सीसीटीवी |
| कुल | | 67.24 | |
| परामर्श प्रभार @2% | | 1.35 | |
| आकस्मिक शुल्क @3% | | 2.02 | |
| कुल योग | | 70.61 | |

## II. स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत स्वीकृत परियोजना का विवरण

| परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि | स्वीकृति का समय |
|---|---|---|
| केशोरायपाटन में आध्यात्मिक अनुभव | 17.37 करोड़ रू. | फरवरी, 2024 |

**घटक-वार विवरण**

| क्र. सं. | घटक | लागत (लाख रू. में) |
|---|---|---|
| 1 | पार्किंग और एंट्री प्लाजा | 98.42 |
| 2 | ऑनलाइन टिकटिंग के लिए वेबसाइट विकास | 14.41 |
| 3 | इंटरप्रिटेशन सेंटर और टिकटिंग क्षेत्र | 60.02 |
| 4 | घाट विकास और आरती मंच | 354.41 |
| 5 | संकेतक और वे फाइंडिंग | 0.98 |
| 6 | शौचालय और शावर क्षेत्र | 69.44 |
| 7 | भोजनालय और पर्यटक सुविधाएं | 169.69 |
| 8 | मंदिर पुनरूद्धार और गढ़ की दीवारों का पुनरूद्धार; | 479.05 |
| 9 | मंदिर अग्रभाग की प्रकाश व्यवस्था, फ्लड लाइटिंग और संबद्ध अवसरंचना | 108.06 |
| 10 | बोट एवं जेट्टी | 46.63 |
| उप-योग (क) | | 1,401.11 |
| जीएसटी (क का 18%) | | 252.20 |
| एसआईए शुल्क (क का 3%) | | 42.03 |
| आकस्मिकता (क का 2%) | | 28.02 |
| डीएमओ शुल्क (क का 1%) | | 14.01 |
| कुल (ख) | | 1,737.38 |

## III. राजस्थान राज्य में प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजना

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि/ स्वीकृति वर्ष | प्रमुख घटक |
|---|---|---|---|

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | पुष्कर/अजमेर का एकीकृत विकास | 32.64 करोड़ रू. 2015-16 | अजमेर शरीफ दरगाह में (अग्रभाग का नवीनीकरण, टेनसाइल फेब्रिक स्ट्रकचर, छायांकन उपकरण) का विकास<br><br>दिल्ली गेट और दरगाह गेट चौक के सुधार कार्य (प्रकाश व्यवस्था, नवीनीकरण कार्य)<br><br>रेलवे और बस स्टैंड पर पर्यटक सूचना कियोस्क पुष्कर सरोवर, पुष्कर मार्केट स्ट्रीट में बहाली और विकास कार्य<br><br>ब्रह्मा मंदिर, सावित्री माता मंदिर एवं परिक्रमा पथ, पुष्कर में विकास कार्य |

*****